बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

संकल्प

संकल्प सं0:- 5224813 / पटना, दिनांक :- 19/02/26

ग्रा0वि0-R-504/05/2026-Section-14-RDD-RDD(COM No-559111)

श्री राकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर प्रखंड, गया के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, गया के पत्रांक-426 दिनांक-11.02.2026 द्वारा दिनांक-09.02.2026 के अपराह्न में निगरानी टीम के द्वारा ट्रैप किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है ।

2.जिला पदाधिकारी, गया से प्राप्त पत्र में निगरानी थाना कांड सं0- 016/26 दिनांक-09.02.2026 के प्राथमिकी अभियुक्त श्री राकेश कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर प्रखण्ड, गया, जिला-गया को 50,000/- (पचास हजार) रूपये परिवादिनी श्रीमती सुचिता रंजनी, पति-श्री चन्द्रभूषण कुमार, सा0-गन्नु विगहा, पंचायत-रसलपुर, थाना-चाकन्द, जिला-गया वर्तमान प्रखण्ड प्रमुख, नगर प्रखण्ड, गया से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ नगर प्रखण्ड कार्यालय, गया स्थित प्रखण्ड प्रमुख के कक्ष से निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना की मुख्यालय टीम के गठित धावादल द्वारा दिनांक-09.02.2026 को गिरफ्तार किया गया है ।

3. अतः श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(1) (क) के आलोक में इनके हिरासत में लिये जाने की तिथि 09.02.2026 से निलंबित किया जाता है।

4. निलम्बन की अवधि में श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम- 10 के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. निलम्बन के आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

18.2.26

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांकः- 5224813 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक :- 19/02/26

स्पीड पोस्ट/ ई मेल

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, गया/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/ जिला कोषागार पदाधिकारी, गया/पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरा, बिहार, पटना/श्री राकेश कुमार, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर प्रखंड, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.2.26

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक :- 5224813 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक :- 19/02/26

प्रतिलिपिः- प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा- 03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

18.2.26

सरकार के अपर सचिव।

D:\Section-014\Year-2025-26\Office Order-2025-26\Notification(2026)-05 (Nelambit).doc